RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


**गुस्ताखी माफ**

ममता को मत वोट दें, देगी डेढ़ हजार।
बीजेपी को वोट दें, देंगे तीन हजार।
देंगे तीन हजार, न उसका चोगा चुगना।
दुगने हम दे रहे, प्यार ममता से दुगना।
कह साहिल कविराय, नहीं है कोई समता।
हम से आधा प्यार, करे है तुमसे ममता।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल


VO: 03 | ISSUE 83 | FRIDAY DATE 17-04-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBISHED BY: DEHI | HINDI DAIY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## संक्षिप्त खबरें

### बद्रीनाथ धाम पहुंचे सीडीएस चौहान आज सूर्य देवभूमि चैलेंज 2026 अल्ट्रा ट्रेल रनिंग

**चमौली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** चारधाम यात्रा के शुरू होने से तीन दिन पहले सीडीएस अनिल चौहान गुरुवार को चमौली स्थित बद्रीनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर परिसर का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने हाई लेवल मीटिंग की। बैठक में सीडीएस चौहान ने कहा यात्रा में आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं आनी चाहिए। सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। सीडीएस चौहान ने शुक्रवार से शुरू हो रही सूर्य देवभूमि चैलेंज 2026 अल्ट्रा ट्रेल रनिंग की तैयारियां देखी। इसके बाद उन्होंने युवाओं को संबोधित कर जोश भरा।

### ममता का चुनाव आयोग को खत, उनके नेताओं की गाड़ियों की जांच हो रही

**कोलकाता, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बीच टीएमसी ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि उसके नेताओं को निशाना बनाकर उनकी गाड़ियों की जांच हो रही है। सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि कोलकाता एयरपोर्ट जाते समय केंद्रीय बलों ने उनकी गाड़ी की जांच करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है, तब रोज मेरी गाड़ी चेक करें। एक चुनावी रैली को संबोधित कर ममता ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री-गृहमंत्री की कार की जांच क्यों नहीं होती? उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री पैसा लेकर आते हैं। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में मातृशक्ति भरोसा कार्ड लांच किया। बंगाल में सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को हर माह 3,000 देने का वादा किया गया है। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। बंगाल में दो फेज में वोटिंग होगी। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा।

### कांग्रेस नेता थरूर ने मोदी सरकार की रणनीति को 'राजनीतिक नोटबंदी' करार दिया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला कर आरोप लगाया कि वह प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण कर रही है, ताकि उन क्षेत्रों में सीटों की संख्या बढ़ाई जा सके जहां बीजेपी पहले से मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस नेता थरूर ने इस रणनीति को 'राजनीतिक नोटबंदी' करार दिया, यह संकेत देकर कि इससे राजनीतिक संतुलन प्रभावित होगा। थरूर के अनुसार, प्रक्रिया का परिणाम यह होगा कि उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा जहां सत्तारूढ़ दल अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित प्रयास है, जिसके तहत कमजोर क्षेत्रों की राजनीतिक शक्ति घटाने और मजबूत क्षेत्रों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उनका मानना है कि यदि मोदी सरकार का वास्तविक उद्देश्य महिला सशक्तिकरण होता, तब वह बिना किसी देरी के महिला आरक्षण को लागू कर सकती थी। उन्होंने सुझाव दिया कि महिला आरक्षण को आगामी चुनाव से ही लागू किया जा सकता है, बशर्ते राजनीतिक इच्छाशक्ति हो। थरूर ने कहा कि विपक्ष विधेयक का समर्थन करने के लिए तैयार है.

# दिल्ली के चार आईटीआई में नयी अत्याधुनिक लैब्स स्थापित होगी : रेखा गुप्ता



**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि राजधानी के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से चार आईटीआई में नयी अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएंगी।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिकल और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स के संचालन, खराबी की पहचान और रखरखाव का व्यापक व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

यह पहल संस्थान को पावर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक आधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने के साथ-साथ प्रशिक्षण को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाएगी और प्रशिक्षुओं की तकनीकी दक्षता एवं रोजगार क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आईटीआई जेल रोड (हरि नगर) में वेल्डर लैब का व्यापक आधुनिकीकरण किया जाएगा।

इस लैब में उन्नत वेल्डिंग मशीनें, सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण सुविधाएं और आधुनिक फैब्रिकेशन टूल्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक औद्योगिक वेल्डिंग प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। आईटीआई अरब की सराय (निजामुद्दीन) में ऑटोमोटिव सेक्टर की लैब्स को आधुनिक तकनीकों के साथ अपग्रेड किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यहां उच्च स्तरीय वर्चुअल रियलिटी (वीआर) सिमुलेटर के माध्यम से ड्राइविंग, वेल्डिंग और पेंटिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे प्रशिक्षुओं को सुरक्षित और यथार्थपरक वातावरण में जटिल कौशल सीखने का अवसर मिलेगा।

साथ ही एबीएस (एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम), एयरबैग सिस्टम जैसी उन्नत वाहन तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल स्थापित किए जाएंगे। आईटीआई एचजेबी मयूर विहार में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) लैब स्थापित की जाएगी, जो ग्रीन ट्रांसपोर्ट और भविष्य की ऑटोमोबाइल तकनीकों पर केंद्रित होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस लैब में बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस), इलेक्ट्रिक मोटर्स और ईवी चार्जिंग स्टेशन जैसी तकनीकी खराबियों की जांच प्रणाली और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहनों की असेंबली, परीक्षण, डायग्नोसिस और मरम्मत का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

श्रीमती गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की यह पहल युवाओं को रोजगारपरक और उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

इन आधुनिक लैब्स के माध्यम से प्रशिक्षु न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनेंगे, बल्कि उन्हें उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली का अनुभव भी मिलेगा, जिससे उनके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे।

# सैन्य टकराव से समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता : प्रधानमंत्री मोदी



**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में ऑस्ट्रिया के फेडरल चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि सैन्य टकराव से समस्याओं का समाधान नहीं निकल सकता। यूक्रेन हो या वेस्ट एशिया, हम एक स्थिर, टिकाऊ और स्थायी शांति का समर्थन करते हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'चांसलर स्टॉकर, आपकी पहली भारत यात्रा पर मैं आपका हार्दिक स्वागत करता हूं। हमें बहुत खुशी है कि आपने यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए भारत को चुना। ये आपके विजन और भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चार दशकों के बाद ऑस्ट्रिया के चांसलर की भारत यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्ष 2026 के ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच संबंधों में एक नए सुनहरे अध्याय की शुरूआत हुई है। चांसलर स्टॉकर की इस यात्रा से भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को भी एक नए कालखंड में ले जाया जा रहा है।

## नोएडा हिंसा का खुलासा: 3 मुख्य साजिशकर्ता चिन्हित 2 गिरफ्तार, पाकिस्तान का कनेक्शन भी आया सामने

**» नोएडा, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



गौतमबुद्ध नगर में हाल ही में हुए श्रमिक हिंसा और उपद्रव के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के अनुसार इस पूरे घटनाक्रम के पीछे सुनियोजित साजिश रची गई थी, जिसमें तीन मुख्य साजिशकर्ताओं की पहचान की गई है। इनमें से दो आरोपियों–रुपेश रॉय और मनीषा चौहान–को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीसरा मुख्य साजिशकर्ता आदिया आनंद अभी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि हिंसा के दौरान ये तीनों आरोपी नोएडा में ही मौजूद थे और श्रमिकों को भड़काने के लिए उकसाऊ भाषण भी दिए गए थे। इसके साथ ही सोशल मीडिया की भूमिका भी इस पूरे मामले में संदिग्ध पाई गई है। पुलिस को दो ट्विटर (एक्स) हैंडल मिले हैं, जिनके जरिए भ्रामक और भड़काऊ सूचनाएं प्रसारित की गईं।

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि ये दोनों ट्विटर हैंडल पाकिस्तान से संचालित हो रहे थे। सूत्रों के अनुसार इन खातों को वीपीएन के माध्यम से ऑपरेट किया जा रहा था और ये पिछले तीन महीनों से सक्रिय थे। इस एंगल को देखते हुए खुफिया एजेंसियां आईबी और एटीएस भी जांच में जुट गई हैं। पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल 13 मुकदमे दर्ज किए हैं और 62 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# परिसीमन से दक्षिण भारत को कोई नुकसान नहीं, बढ़ेंगी सीटें : शाह

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



संसद के विशेष सत्र में तीन विधेयकों को लेकर जारी बहस के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व में कमी आने की आशंकाओं को सिरे से खारिज किया। उन्होंने लोकसभा में स्पष्ट किया कि यह एक भ्रामक नैरेटिव है और प्रस्तावित बदलावों के बाद दक्षिण राज्यों की ताकत घटने के बजाय बढ़ेगी।

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि यह धारणा बनाई जा रही है कि इन विधेयकों के लागू होने से दक्षिण भारत की लोकसभा में हिस्सेदारी कम हो जाएगी, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी भी क्षेत्र को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि जनसंख्या के आधार पर संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। गृह मंत्री ने संभावित परिसीमन के बाद सीटों में होने वाली वृद्धि के आंकड़े पेश करते हुए कहा कि कर्नाटक में वर्तमान 28 सीटें बढ़कर 42 होंगी। इसी तरह, आंध्र प्रदेश में 25 से बढ़कर 38 सीटें होंगी, और तेलंगाना में 17 से बढ़कर 26 सीटें होंगी।

तमिलनाडु और केरल को लेकर आश्वासन देते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होंगी और केरल की सीटें 20 से बढ़कर 30 होंगी। उन्होंने आगे कहा कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि परिसीमन के बाद दक्षिण भारत की राजनीतिक शक्ति में वृद्धि होगी, न कि कमी।

# 'महिला आरक्षण बिल' के विरोधियों को नारी शक्ति के आक्रोश का करना होगा सामना : बांसुरी स्वराज

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बांसुरी स्वराज ने गुरुवार को लोकसभा में पेश किए गए 'संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026' का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सम्मान हमारी संस्कृति है और नारियों का सशक्तीकरण हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भारत की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व बहुत कम है। 2024 के चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। विपक्ष और इस बिल का विरोध करने वालों से मैं पूछना चाहती हूं कि क्या आप महिलाओं की भूमिका सिर्फ मतदाता तक ही सीमित रखना चाहते हैं? इस सदन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व महज 13.6 प्रतिशत है। हम विधानसभा में जाएं तो वहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व दस प्रतिशत से भी कम है। वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा 27.6 प्रतिशत है। मैं प्रधानमंत्री मोदी और इस बिल का समर्थन करने वालों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने 27 साल बाद इस बिल को 2023 में पारित करवाया। बांसुरी स्वराज ने सवाल उठाया कि जिन लोगों ने इस बिल को सर्वसम्मति से पास कराया था, वे इसे 2029 में लागू करने के लिए अपना समर्थन क्यों नहीं दे रहे हैं? उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि यह पावर ग्रैब का मुद्दा नहीं है, बल्कि पावर बैलेंस का मुद्दा है। यह हक की चोरी का नहीं, हक के हिसाब का मामला है।

# कृतीका मिगलानी ने 95 .6 प्रतिशत अंकों के साथ सेंट थोमस कानवेंट स्कूल में किया टॉप

27 छात्राओं ने 75 फीसदी से ज्यादों अंकों के साथ बढ़ाया स्कूल का मान, प्रबंधक कमेटी व प्राचार्या ने विद्यार्थियों व स्टाफ को दी शुभकामनाएं

» अश्विनी वालिया



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 16 अप्रैल। सेंट थोमस कानवेंट स्कूल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों का सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया है। छात्रा कृतीका मिगलानी ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। इस परिणाम पर प्रबंधक कमेटी एमडी अंजली, डिप्टी एमडी कार्तिके व प्राचार्या रजनी ने 10वीं के बेहतर परिणाम आने पर विद्यार्थियों और स्टाफ को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि 10वीं कक्षा में 55 विद्यार्थियों ने सीबीएसई की परीक्षा में हिस्सा लिया था। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा कृतीका मिगलानी ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम, जसमीन ने 94.4 अंकों के साथ दूसरे और अरव सैनी ने 90.6 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने 75 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

उन्होंने कहा कि स्कूल स्टाफ की लगन और बच्चों के सहयोग से कड़ी मेहनत की है। जिसके बदौलत स्कूल ने बेहतर परिणाम हासिल किए हैं। इससे पहले भी स्कूल का परिणाम बेहतर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वो आगे भी लगन और मेहनत से पढ़ाई करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें। विद्यार्थी की सफलता से माता-पिता, शिक्षक और स्कूल का नाम रोशन होता है।

## 'सरकार प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और उसके इस्तेमाल में शामिल लोगों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी': मनसुख मांडविया



नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) के वैश्विक एंटी-डोपिंग इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन नेटवर्क के फाइनल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने साफ-सुथरे खेलों के लिए भारत के पक्के इरादे और डोपिंग से निपटने में दुनिया भर में सहयोग के बारे में बताया। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'एक ग्लोबल एंटी-डोपिंग इंटेलिजेंस और इन्वेस्टिगेशन नेटवर्क इन जरूरी क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है।' डॉ. मांडविया ने कहा, भारत ने सिर्फ कंप्लायंस (किसी व्यवसाय, उद्योग या संस्था द्वारा निर्धारित कानूनी नियमों, सरकारी विनियमों, मानकों और आंतरिक नीतियों का कड़ाई से पालन करना) के लिए नहीं, बल्कि खेल की एकता के लिए सच्ची प्रतिबद्धता के साथ सुधार किए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एक्ट, 2022 को एक मजबूत कानूनी फ्रेमवर्क बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग सुधार कानून, 2025 भारत के नियमों को वैश्विक स्तर के हिसाब से बनाता है। डॉ. मांडविया ने कहा कि सरकार उन लोगों के खिलाफ कानून लाने की दिशा में काम कर रही है जो प्रतिबंधित चीजों को देने या उनकी तस्करी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जहां पहले की कोशिशें ज्यादातर लैबोरेटरी में जांच और एथलीट कम्प्लायंस तक ही सीमित थीं, वहीं आज डोपिंग कोई एक गलत काम नहीं है।




ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना के 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई वार्षिक परीक्षा में 34 मेरिट लेकर रचा इतिहास।

» हरियाणा, यूटर्न/ 16 अप्रैल।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सीबीएसई वार्षिक परीक्षा परिणाम में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का परिणाम 100% रहा !ऑक्सफोर्ड स्कूल के 34 छात्र एवं छात्राओं ने मेरिट में अपना नाम अंकित कर इतिहास रचा । ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थी रक्षित एवं दिपांशु ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर के प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलक मंगल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दुसरा स्थान प्राप्त किया। स्नेहा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना के चेयरमैन डॉ सतीश भारती ने प्रबंधन और स्टाफ की ओर से सभी बच्चों, सभी मेहनती टीचर अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी। छात्रों की मेहनत और लगन ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि 100% परीक्षा परिणाम की शानदार सफलता की यह उपलब्धि आपकी कड़ी मेहनत समर्पण और दृढ़ निश्चय का परिणाम है हमें आप पर गर्व है, मैं आपसे उम्मीद करता हूं कि आप भविष्य में भी और ज्यादा बड़ी ऊंचाइयों को छुएंगे जिससे आपके शिक्षक अभिभावकों और स्कूल का गौरव बढ़ेगा।

प्रधानाचार्य डॉ. भुवनेश भारद्वाज ने भी 100% परिणाम के लिए सभी छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रबंधन को इस असाधारण सफलता पर बधाई दी और कहा ऑक्सफोर्ड स्कूल की पहचान अच्छी पढ़ाई से है उन्होंने छात्रों के साथ-साथ उन मेहनतकश शिक्षकों की भी सराहना की जिनकी कड़ी मेहनत से इतने शानदार परिणाम संभव हुए है।

# सतबीर वर्मा ने राष्ट्रीय महासम्मेलन को बताया ऐतिहासिक अवसर, दिल्ली बैठक में समाज की एकजुटता पर जोर





'सतबीर वर्मा बोले: राष्ट्रीय महासम्मेलन से बनेगी समाज की मजबूत पहचान'

» हरियाणा, यूटर्न/ 16 अप्रैल।

नामदेव रोहिल्ला टांक दर्जी समाज के प्रस्तावित राष्ट्रीय महासम्मेलन को लेकर दिल्ली के नजफगढ़ स्थित संत शिरोमणि नामदेव मंदिर, रोशन गार्डन में समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026 के नवंबर-दिसंबर माह में दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर भव्य महासम्मेलन आयोजित करने की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पूर्व हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग (ओबीसी बोर्ड) के अध्यक्ष सतबीर वर्मा ने समाज की एकता, संगठन और राजनीतिक भागीदारी को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि प्रस्तावित महासम्मेलन समाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिलाने का ऐतिहासिक अवसर होगा। उन्होंने कहा कि समाज की संख्या बड़ी होने के बावजूद संगठन की कमी के कारण अपेक्षित पहचान नहीं मिल पाई है, जिसे यह महासम्मेलन दूर करेगा।

सतबीर वर्मा ने समाजबंधुओं से आ'ान किया कि वे व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर तन, मन और धन से इस अभियान में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महासम्मेलन आयोजित होने से समाज की आवाज राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंचेगी और राजनीतिक भागीदारी को नई मजबूती मिलेगी।

रोहिल्ला टॉक क्षत्रिय महासभा दिल्ली के प्रधान दयानन्द रोहिल्ला ने कहा कि अब समाज को अपनी वास्तविक शक्ति पहचानने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि यह महासम्मेलन समाज के सम्मान, संगठन और भविष्य की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक आयोजन सिद्ध होगा। उन्होंने समाज के लोगों से बिना किसी निमंत्रण की प्रतीक्षा किए स्वयं आगे बढ़कर तैयारी में भाग लेने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आ'ान किया।

महासम्मेलन के संकल्पकर्ता ज्ञानी राम सरोहा ने बताया कि कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का होगा और इसमें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन का आयोजन 1937 से पंजीकृत रोहिल्ला टॉक क्षत्रिय महासभा दिल्ली के बैनर तले किया जाएगा। समाजसेवी डॉ. भानुमति गुजरिया ने कहा कि समाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीटिंग, जनसंपर्क अभियान और महिला नेतृत्व को आगे लाकर संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है।

## भीषण आग से सैकड़ों झुग्गियां जलकर राख, सिलेंडर ब्लास्ट होने से मचा हड़कंप

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक भीषण आग लगने की घटना सामने आई, जिसने देखते ही देखते सैकड़ों झुग्गी-झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग इतनी भयानक थी कि उसका धुआं कई किलोमीटर दूर से भी साफ तौर पर देखा जा सकता था। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस क्षेत्र में आग लगी वहां लगभग 500 झुग्गी-झोपड़ियां मौजूद थीं। आग लगने के बाद लगातार गैस सिलेंडरों में धमाके होने लगे, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई।लोग अपने घरों से जरूरी सामान और गैस सिलेंडर लेकर बाहर निकलते दिखाई दिए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही समय में पूरा इलाका धुएं और आग की चादर में लिपट गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने नोएडा से भी अतिरिक्त दमकल 5 गाड़ियों को बुलाया। राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है और आसपास के घरों को एहतियातन खाली कराया जा रहा है ताकि किसी बड़ी जनहानि से बचा जा सके। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक करीब 150 से अधिक झुग्गियों में आग लगने की पुष्टि हुई है।

# एम्स दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर सहित 26 पदों निकली भर्ती, जल्द शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स-दिल्ली) ने असिस्टेंट प्रोफेसर सहित विभिन्न 26 पदों पर भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर वैकेंसी निकाली है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स-दिल्ली) ने जिन 26 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं, उनमें नेफ्रोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर, सामुदायिक चिकित्सा के असिस्टेंट प्रोफेसर, कार्डियोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर, पैथोलॉजी/साइटो-पैथोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर, क्लिनिकल हेमेटोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर और यूरोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के 2-2; पैथोलॉजी (मुख्य विभाग), साइटो-पैथोलॉजी (मुख्य विभाग), नेत्र विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर (डॉ आरपीसी), पल्मोनरी मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर, ऑन्को-एनेस्थेसियोलॉजी (एनसीआई, झज्जर), ऑन्को-एनेस्थेसियोलॉजी (डॉ. ब्रेच) और एनेस्थेसियोलॉजी (एनसीआई, झज्जर) के 1-1; ऑन्को-एनेस्थेसियोलॉजी/एनेस्थेसियोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के 4 और न्यूरोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के 3 पद शामिल हैं। एम्स-दिल्ली की ओर से जारी पदों के ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू हो जाएगी और आवेदन की अंतिम तिथि 11 मई निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म चाहते हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन लिंक सक्रिय होने के बाद से तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

# समलैंगिक संबंध के चलते हुई थी महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

» नोएडा, यूटर्न/ 16 अप्रैल।

नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का सफल खुलासा किया है।

यह घटना ग्राम सफाबाद की है, जहां एक महिला की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी और आरोपी को टिवोली फार्म हाउस के पास से धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मौहम्मद शफीक उर्फ जावेद (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूलरूप से फतेहपुर जिले के गाजीपुर कस्बे का रहने वाला है और वर्तमान में सफाबाद, सेक्टर-73 में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने जो खुलासा किया, वह चौंकाने वाला है। आरोपी ने बताया कि उसके मृतका के बेटे के साथ समलैंगिक संबंध थे, जिसे मृतका बिल्कुल पसंद नहीं करती थी। इसी कारण वह दोनों के मिलने-जुलने का विरोध करती थी। आरोपी ने मृतका के बेटे से संपर्क बनाए रखने के लिए एक योजना बनाई थी, जिसके तहत वह अपनी मौसी की बेटी की शादी मृतका के बेटे से कराना चाहता था। हालांकि, मृतका फूलजहां इस प्रस्ताव के लिए बार-बार मना कर रही थी। घटना वाले दिन यानी 15 अप्रैल को भी आरोपी इसी विषय पर बातचीत करने मृतका के घर गया था, लेकिन जब मृतका ने एक बार फिर शादी से इनकार कर दिया तो आरोपी आक्रोश में आ गया। गुस्से में उसने चाकू निकालकर मृतका पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# विद्यालय में 'कौशल बोध' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन

छात्रों में आत्मविश्वास और करियर जागरूकता का संचार

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 16 अप्रैल। श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में 'कौशल बोध' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजन हुआ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास वृद्धि तथा उज्वल भविष्य निर्माण पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की तथा मुख्य अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध मोटीवेटर डॉक्टर सोनू तथा जेनेसिस की डायरेक्टर तथा मेंटल हेल्थ ट्रेनर कुमारी आकृति मेहंदीरता की



कार्यक्रम के दौरान डॉ सोनू ने छात्रों को प्रभावी ढंग से अपना परिचय देने की कला सिखाई, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकें। साथ ही, विद्यार्थियों को एक आकर्षक एवं प्रभावशाली रिज्यूम तैयार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया गया, जो उनके करियर की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति सजग एवं समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कुमारी आकृति ने बताया कि सकारात्मक सोच, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से कोई भी विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। छात्रों को यह भी समझाया गया कि समय का सदुपयोग, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। उन्होंने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने विचार साझा किए और नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर नई ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक दृष्टिकोण का भी संचार करने में सफल रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का क्रम जारी रहेगा।

अंत में, विद्यालय की प्रिंसिपल और समस्त स्टाफ ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों ने इस प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र के लिए विद्यालय प्रशासन एवं वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सरकार जलकर राख हुई गेहूं का मुआवजा 75000/- रूपए प्रति एकड़ दें: अखिल भारतीय किसान सभा

» निर्मल सिंह

पानीपत,यूटर्न/ 16 अप्रैल। अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी पानीपत की मीटिंग पानीपत जी .टी रोड स्थित शिव वर्मा स्मारक भवन में जिला अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र मलिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव राजपाल गहल्याण ने किया। हल्का इसराना के बुआना लाखू गांव में सैंकड़ों एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। भारतीय किसान सभा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रशासन तुरंत उसकी गिरदावरी करवाते हुए बिना किसी शर्त के किसानों को प्रति एकड़ कम से कम 75000 रुपए मुआवजा दे। जिला उपायुक्त द्वारा मंडियों में दौरा करते हुए खरीदी गई गेहूं उठान बारे भ्रमित करने वाले ब्यान की किसान सभा आलोचना करते हुए मांग करती है, कि मंडियों में अटे प्लेटफार्म और शैडो में भरे गेहूं का उठान करवाते हुए खाली करवाया जाए। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि गेहूं उठान की देरी के कारण किसानों को उसकी फसल का भुगतान सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा। किसान सभा ने जोर देकर मंडियों में फसल खरीद के लिए लगाई गई अनाप-शनाप शर्तों को हटाने की मांग करते हुए सीधे तौर आसान तरीके खरीद की गारंटी किए जाने की मांग उठाई। इस अवसर पर मीटिंग में अखिल भारतीय किसान सभा जिला अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र मलिक, जिला सचिव राजपाल,उप प्रधान दिलावर राठी, कोषाध्यक्ष कंवर सिंह, प्रैस सचिव रोहतास मलिक, जिला कमेटी सदस्य जयपाल कादियान,एस ए खान, गुलाब सिंह, ईश्वर किवाना आदि मौजूद रहे।

## भीषण आग से सैकड़ों झुग्गियां जलकर राख, सिलेंडर ब्लास्ट होने से मचा हड़कंप

गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल। गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे एक भीषण आग लगने की घटना सामने आई, जिसने देखते ही देखते सैकड़ों झुग्गी-झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि उसका धुआं कई किलोमीटर दूर से भी साफ तौर पर देखा जा सकता था। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस क्षेत्र में आग लगी वहां लगभग 500 झुग्गी-झोपड़ियां मौजूद थीं। आग लगने के बाद लगातार गैस सिलेंडरों में धमाके होने लगे, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। लोग अपने घरों से जरूरी सामान और गैस सिलेंडर लेकर बाहर निकलते दिखाई दिए। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही समय में पूरा इलाका धुएं और आग की चादर में लिपट गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 22 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

# लुवास में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में गरिमामय समारोह आयोजित

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 16 अप्रैल। लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार में सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन योगदान, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, उनमें पूर्व पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. वीरेंद्र सिंह पंवार, एनिमल अटेंडेंट श्री जसवंत सिंह, एनिमल अटेंडेंट श्री अमीर सिंह, लैब टेक्नीशियन श्री रत्तन लाल, असिस्टेंट श्री सतपाल यादव, एनिमल अटेंडेंट श्री जगदीश, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट श्रीमती आशा रानी, फोरमैन श्री दया नंद, लैब



टेक्नीशियन श्रीमती सुशीला कुमारी, सुपरिंटेंडेंट श्री देवी लाल, दफ्तरी श्री हरि ओम तथा लैब अटेंडेंट श्री विजय कुमार शामिल रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुभव और समर्पण ने विश्वविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी को स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएं देते हुए स्मृति-चिन्ह भेंट किए।

विश्वविद्यालय के लेखा नियंत्रक श्री विकास खरब ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लुवास टीचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक एवं नॉन-टीचिंग एसोसिएशन के उपप्रधान सोमबीर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान, पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिन्धु, आई.पी. वी.एस. निदेशक डॉ. पवन कुमार, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. सुखदीप वोहरा, लेखा नियंत्रक श्री विकास खरब सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान को याद करते हुए उनके जीवन के नए चरण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# दिल्ली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से तीन चोरी के मामले सुलझे प्रसाद नगर में सेंधमार गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।

करोल बाग इलाके के प्रसाद नगर पुलिस स्टेशन की टीम ने एक सतर्क स्थानीय निवासी की मदद से एक युवक सेंधमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने इलाके में कई घरों में सेंध लगाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस की इस सफल कार्रवाई से तीन ई-एफआईआर मामले सुलझ गए और चोरी का काफी सामान बरामद हुआ।

घटना 14 अप्रैल को हुई, जब पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को एक कॉल मिली कि एक स्थानीय निवासी ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया है। सूचना मिलते ही सब-इंस्पेक्टर राहुल मेहता की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी जबरदस्ती उसके घर में



घुस आया था और 30 मार्च 2026 को हुई पिछली चोरी में भी उसका हाथ होने का शक था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपनी संलिप्तता कबूल ली और बताया कि उसने उस घर से एक मोबाइल फोन और 38,000 रुपए नकद चुराए थे।

आरोपी ने आगे खुलासा किया कि चोरी का मोबाइल फोन उसके देव नगर, करोल बाग स्थित घर पर रखा है। पुलिस ने तुरंत रेडिंग टीम गठित की, जिसमें हेड कांस्टेबल विनीत, कांस्टेबल हर्ष और कांस्टेबल अजय शामिल थे। टीम ने इंस्पेक्टर अरुण कुमार की देखरेख में छापा मारा और चोरी हुआ मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद कर लिया।

परिसर की गहन तलाशी के दौरान एक सफेद बोरा (कट्टा) मिला, जिसमें पानी का मीटर, पानी की मोटर, तांबे के तार और एयर कंडीशनर के तांबे के पाइप बरामद हुए। रिकॉर्ड चेक करने पर पता चला कि ये सामान प्रसाद नगर थाने में दर्ज तीन अलग-अलग ई-एफआईआर मामलों से जुड़े थे। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान भी पुष्ट हो गई।

आरोपी सूरज (22), जो देव नगर, करोल बाग, दिल्ली का निवासी है। वह बिना किसी स्थायी ठिकाने वाला व्यक्ति (वैगाबॉन्ड) है।

# अवैध मार्केट को दस दिन में ध्वस्त न किया तो शहरी विधायक व निगम आयुक्त के विरुद्ध लोकायुक्त में होगा केस दर्ज : पीपी कपूर

» निर्मल सिंह

पानीपत, यूटर्न/ 16 अप्रैल। सुप्रसिद्ध आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने चेतावनी दी है कि दस दिन में जीटी रोड़ पर सेक्टर 11- 12 के साथ कटारिया एस्टेट में विकसित की जा रही अवैध मार्केट को ध्वस्त न किया तो शहरी विधायक प्रमोद विज सहित नगर निगम आयुक्त पंकज यादव सहित संबंधित अधिकारियों पर लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज कराया जाएगा। कॉमरेड पीपी कपूर ने सीएम नायब सैनी,विधायक प्रमोद विज, डीसी, कमिश्नर नगर निगम, एस्टेट ऑफिसर हुडा,



डीटीपी (पी) को पत्र भेज कर जीटी रोड़ पर मलिक पेट्रोल पंप के साथ सात हजार वर्ग गज रकबा में बनाई जा रही अवैध मार्केट को ध्वस्त करने की मांग की है। कपूर ने बताया कि शहर में रोजाना जेसीबी लेकर नगर निगम व जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) जगह जगह गरीब तबके के लोगों के मकानों को अवैध कालोनी बता कर गिराते रहते हैं। लेकिन शहर के बीचों बीच 7000 वर्ग गज भूमि पर सड़कें बना कर व प्लॉट काट कर बनाई जा रही अवैध कालोनी धड़ल्ले से बनाई जा रही है, निर्माण कार्य जारी है। यहां कारवाई करने की किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं। कपूर ने बताया कि पूरे शहर में चर्चा है कि पर्दे के पीछे शहरी विधायक प्रमोद विज का अवैध कालोनाइजर को संरक्षण है इसी लिए प्रशासन अंधा बना हुआ है। कपूर ने बताया कि अवैध मार्केट वाली जगह पर नर्सरी व गोदाम था यहां वर्ष 2022 में भी भूमि माफिया ने अवैध निर्माण करने के लिए नगर निगम से छह प्रॉपर्टी आईडी बनवाई थी, जो कि बाद में रद्द कर भूमि माफिया के मंसूबे फेल कर दिए थे लेकिन अब फिर यहां बड़े बड़े शो रुम बनाए जा रहे हैं। बिना सीएलयू लिए सात हजार वर्ग गज भूमि में प्लाटिंग करके पक्की सड़कें बना दी है। इससे सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व हानि की गई है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### युवक से खो गए रुपये, पुलिस को दी लूटपाट की सूचना

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** वेव सिटी थाना क्षेत्र में बुधवार को पहले लूटपाट फिर टप्पेबाजी की पुलिस को सूचना दी और शाम तक सभी आरोप झूठे निकले। मामला रुपये गुम होने का निकला। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि अमरीश निवासी रसूलपुर थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर ने एनएच-9 स्थित सुंदरदीप इंस्टीट्यूट के सामने से डायल-112 पर लूट की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें अमरीश एक युवक के साथ जाता दिखा। जबकि पीड़ित का आरोप था कि बाइक सवार उनसे 40 हजार रुपये और मोबाइल लूटकर भाग गए। फुटेज दिखाई तो उसने बताया कि एक युवक ने उन्हें बहला फुसला लिया और रुपये लेकर चले गए। सख्ती से पूता की तो बताया कि वह डीजल खरीदने के लिए रुपये लेकर आए थे और वह गुम हो गए। इससे बचने के लिए झूठी सूचना दी। अमरीश के बड़े भाई रामकुमार ने पुलिस को लिखित माफीनामा सौंपा।

### एमएमजी अस्पताल में एंबुलेंस के इंतजार में 45 मिनट स्ट्रेचर पर पड़ा रहा मरीज

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** जिला एमएमजी अस्पताल में एंबुलेंस सेवा की लापरवाही सामने आई है, जहां गंभीर हालत में रेफर किए गए मरीज को 45 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। तिगरी गोल चक्कर के पास रहने वाले बिलम कुमार अपने भाई को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। हालत नाजुक होने पर इमरजेंसी से तुरंत ऑर्थोपेडिक डॉक्टर को बुलाया गया लेकिन दोनों पैर काम नहीं करने और स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर ने मरीज को उच्च अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने दोपहर 1:15 बजे एंबुलेंस के लिए फोन किया, लेकिन दो बजे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस दौरान मरीज को स्ट्रेचर पर ही इंतजार करना पड़ा। बिलम कुमार के अनुसार मरीज साइटिका की गंभीर समस्या से पीड़ित है, जिसके कारण उसके दोनों पैर लगभग काम करना बंद कर चुके हैं। साथ ही कई दिनों से बुखार और सांस लेने में दिक्कत भी बनी हुई थी। बिलम ने बताया कि एंबुलेंस में देरी के कारण मरीज के इलाज में परेशानी हुई और उसकी हालत बिगड़ने का खतरा बना रहा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन और एंबुलेंस सेवा से कई बार संपर्क किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। एंबुलेंस नोडल अधिकारी जीके मिश्रा ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मासूम से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी की पत्नी व परिवार से पूता

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्यारोपी मामा और चलती कार में महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में भी पुलिस के हाथ खाली है। दोनों मामलों में पुलिस दबिश दे रही है लेकिन कामयाबी नहीं मिली है। उधर, बच्ची के हत्यारोपी की तलाश में पुलिस बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंची वहां पर पत्नी और माता-पिता से भी पुलिस ने पूता की है। इसमें पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी गांजा और शराब का नशा करता है।

टीलामोड़ क्षेत्र में किराये पर रहने वाले एक युवक ने चार वर्षीय सगी भांजी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। उसके शव को कार के नीचे कूड़े के ढेर में पि दिया। मामला 11 अप्रैल का है। घटना को पांच दिन बीत चुके हैं लेकिन आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। वहीं, बुधवार को पुलिस ने दिल्ली में आरोपी के कार्यस्थल पर भी दबिश दी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने आरोपी के सहकर्मियों से भी पूता की। वहीं, एक टीम बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंची। वहां आरोपी के माता-पिता व पत्नी से भी पूता की तो उसके गांजा और शराब के आदी होने का पता चला।

## शादी का झांसा देकर किशोरी से यौन उत्पीड़न के आरोपी मामी-भांजा गिरफ्तार

» **कौशांबी, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



थानाक्षेत्र की निवासी किशोरी से यौन उत्पीड़न के आरोपी और उसकी मामी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला ने किशोरी से अपने भांजे की दोस्ती कराई। युवक ने शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न किया। किशोरी के गर्भवती होने पर आरोपी युवक और उसकी मामी कमरा ोड़कर भाग गए। पुलिस ने तीन अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की और तलाश के बाद दोनों को गिरफ्तार किया है। दोनों पीड़िता के साथ वाले कमरे में ही रहते थे।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मूलरूप से बिहार के भागलपुर निवासी महिला अपने पति और भांजे के साथ कौशांबी स्थित एक मकान में रहती थी। तीन अप्रैल को उन्हीं के पड़ोस महिला ने मामी और भांजे के खिलाफ नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप था कि बेटी के गर्भवती होने पर आरोपी व उसकी मामी कमरा ोड़कर भाग गए। पुलिस ने बुधवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूता में आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि पति के साथ उनका भांजा भी होटल पर काम करता है। उनके पड़ोस वाले कमरे में किशोरी अपनी मां के साथ रहती है। जबकि किशोरी के खराब स्वास्थ्य होने के कारण अस्पताल में ही भर्ती रहते हैं।

## जमीन बेचने के नाम पर 17 लाख की धोखाधड़ी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**




एक व्यक्ति ने जमीन बेचने के नाम पर दंपती पर 17 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने नंदग्राम थाने में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि दुहाई निवासी अमित त्यागी के मुताबिक, उन्होंने 21 जनवरी 2025 को नंदग्राम क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी प्रभात से गांव ढरगल में 544 वर्गमीटर जमीन खरीदने का सौदा किया था। सौदा 60.45 लाख रुपये में तय हुआ था।

उन्होंने 16 दिसंबर 2024 को प्रभात की पत्नी भावना चौधरी की मौजूदगी में 15 लाख रुपये पेशगी के रूप में दिए थे। इसके बाद 17 फरवरी 2025 को दो लाख रुपये और दिए गए। शेष 43.45 लाख रुपये की अदायगी 20 अप्रैल 2026 को रजिस्ट्री के समय देना तय हुआ था। पीड़ित का कहना है कि 24 फरवरी 2026 को कचहरी पहुंचने पर उन्हें जानकारी मिली कि प्रभात और भावना ने जमीन अजय सिंह, राकेश चौधरी, इंदू व रोहित चौधरी को बेच दी है। इसकी पुष्टि ऑनलाइन फर्द से हुई। इसके बाद उन्होंने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। घर पर भी ताला लगा हुआ था। अमित ने आरोप लगाया कि प्रभात और उसकी पत्नी पहले भी इसी तरह कई लोगों से धोखाधड़ी कर चुके हैं।

# घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



» **दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

मध्य दिल्ली के रंजीत नगर में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना के साथ तहत 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी 27 वर्षीय युवक ने पानी लेने के बहाने पीड़िता के घर की रेकी की थी फिर जबरदस्ती घर में घुसकर घृणित कार्य को अंजाम दिया। आरोपी ने वृद्धा से मारपीट भी की है। हालांकि रंजीत नगर थाना पुलिस ने दरिंदगी की इस घटना को 48 घंटे में सुलझाने का दावा करते हुए आरोपी बलजीत नगर निवासी मुकेश (27) को गिरफ्तार कर लिया है।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि रंजीत नगर थाना पुलिस को 11 अप्रैल को एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें एक 70 वर्षीय महिला के घर पर उनके साथ हुई शारीरिक मारपीट की घटना की जानकारी दी गई थी। मौके पर थानाध्यक्ष एसआई गरिमा हवलदार विकास के साथ मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता को एसवीबीपी अस्पताल, पटेल नगर में भर्ती कराया गया।

मेडिको-लीगल परीक्षण (एमएससी) कराने के बाद रंजीत नगर थाना पुलिस ने बीएनएस की धाराएं 323/115(2)/351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। अगले दिन पीड़िता की बेटी ने पुलिस स्टेशन आकर बताया कि आरोपी युवक ने मां के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की फिर से मेडिकल जांच कराई गई तो दुष्कर्म की पुष्टि होने पर बीएनएस की धारा 76 भी जोड़ी गई। पीड़िता ने बयान दिए कि उसने आरोपी को पहली बार 9 अप्रैल को देखा था, जब वह पानी मांगने के बहाने उसके घर आया था। अगले दिन उसके घर में जबरन घुस आया।

### सीसीटीवी से पकड़ा गया आरोपी

पुलिस उपायुक्त सिंह ने बताया कि जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी फुटेज बारीकी से खंगाले तो घटना के समय एक संदिग्ध व्यक्ति शिकायतकर्ता के घर में घुसता नजर आया। इसके बाद आरोपी मुकेश को 14 अप्रैल को पांडव नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अदालत के सामने पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आरोपी दिमागी रूप से ठीक है। पुलिस उसका पुराना रिकार्ड खंगाल रही है कि आरोपी पहले तो इस तरह की वारदातों में शामिल तो नहीं रहा है।

-रोहित राजबीर सिंह, पुलिस उपायुक्त, मध्य जिला, दिल्ली पुलिस

## फर्जी प्रोफाइल से 500 महिलाओं को बनाया शिकार, दो करोड़ की ठगी; गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** पीएस साइबर, साउथ-वेस्ट जिला की टीम ने एक कुख्यात साइबर ठग आनंद कुमार को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी डेटिंग और मैट्रिमोनियल एप्लिकेशन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिलाओं को निशाना बनाता था। उसने प्रेम, शादी, मेडिकल इमरजेंसी और पेशेवर अवसरों का लालच देकर ठगी की। आरोपी पश्चिम बंगाल के 24 परगना नॉर्थ का निवासी है और उसकी उम्र 35 वर्ष है।

आनंद कुमार बड़े पैमाने पर हनी-ट्रैपिंग, रोमांस स्कैम और महिलाओं को ब्लैकमेल करने में संलिप्त था। उसने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए 500 से अधिक पीड़ितों से लगभग दो करोड़ रुपये की ठगी की है। ऑपरेशन के दौरान उसके कब्जे से चार स्मार्टफोन, आठ सिम कार्ड, तीन डेबिट कार्ड और नौ सोने के आभूषण बरामद हुए। इन सभी वस्तुओं को ठगी के पैसों से खरीदा गया था। आरोपी के खिलाफ पहले से दो मामले दर्ज हैं। वह डॉक्टर, प्रोड्यूसर, वकील और बिजनेसमैन बनकर महिलाओं से संपर्क करता था। वह पीड़ितों की निजी सामग्री वायरल करने की धमकी देकर उगाही भी करता था। ठगी का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन गेमिंग और निजी खर्चों में इस्तेमाल किया गया। पीएस साइबर, साउथ-वेस्ट जिला में एक पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 'वैभव अरोड़ा' नाम के फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल के जरिए उससे करीब सात लाख रुपये ठगे गए। पीड़िता की मुलाकात आरोपी से एक डेटिंग एप्लिकेशन पर हुई थी। आरोपी ने विश्वास जीतने के बाद इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर बातचीत जारी रखी। उसने शादी का वादा किया और मेडिकल इमरजेंसी व बिजनेस में नुकसान की झूठी कहानियां बनाकर पैसे मांगे। जब पीड़िता ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया और अपनी मौत की झूठी खबर दी।

## बेहोश प्रेमिका को मरा समझकर युवक ने कर ली खुदकुशी, युवती को होश आया तो हो गया हंगामा; ानबीन शुरू

» **दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी थाना क्षेत्र में एक बेहद ही हैरान कर देना मामला सामने आया है। आपस में झगड़ा होने के बाद जब प्रेमिका बेहोश हो गई तो युवक जावेद (28) को लगा कि उसकी मौत हो गई। ऐसे में डर के चलते उसने गेस्ट हाउस में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली।

कालकाजी थाना पुलिस ने जावेद के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल में रखवा कर जांच शुरू की है। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरूआती जांच में यह बात सामने आई कि युवक ने अपनी प्रेमिका को मृत समझकर खौफ में आकर आत्महत्या का कदम उठाया।

जब युवती को होश आया तो युवक को पंखे से लटका देखकर उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। रोने और चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर कर्मचारी कमरे में आए। उसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। क्राइम और एफएसएल की टीमों ने मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जावेद एक लड़की के साथ कालकाजी के के-51 ब्लॉक स्थित गेस्ट हाउस में बुधवार को ठहरने आया था। बताया जा रहा कि कमरे में दोनों ने कथित तौर पर नशा किया था, जिसके बाद किसी बात को लेकर उनके बीच तीखी बहस और फिर झगड़ा हो गया। इसी आपसी विवाद के दौरान युवती अचानक बेहोश हो गई। लड़की को जमीन पर बेहोश पड़ा देखकर जावेद बुरी तरह घबरा गया। उसे लगा कि झगड़े के दौरान उसकी प्रेमिका की मौत हो गई है। इसी डर और घबराहट में आकर उसने कमरे में लगे पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

## किसानों ने गन्ना भुगतान करने के लिए कहा, सीडीओ ने बताया साढ़े 11 करोड़ रुपये किए जारी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** किसानों ने प्रशासन से गन्ना भुगतान कराने की मांग की। इस पर प्रशासन की तरफ से जल्द करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये किसानों को दिलवाने का आश्वासन दिया गया। अवसर था विकास भवन में बुधवार को किसान दिवस पर आयोजित बैठक का।

इसमें मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने किसानों की समस्याओं को सुनने के साथ जल्द समाधान का अश्वासन दिया। इसमें भाकियू के जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे बिजली आपूर्ति के साथ उनके गांव मोरटा में सड़क पर जलभराव की समस्या के बारे में बताया। इस पर सीडीओ ने नगर निगम के मुख्य अभियंता को इस समस्या को जल्द दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कार्य को पूरा कर रिपोर्ट देने के लिए कहा।

### समय से भुगतान हुआ दूर होगी किसानों की समस्या

बिजेंद्र सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में करीब तीन हजार किसान गन्ने की पैदावार कर रहे हैं। उनका हाल में करीब 30 करोड़ रुपये मिल पर निकलता है। अगर साढ़े 11 करोड़ का भुगतान समय पर होता है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहती है तो आने वाले वर्ष में किसानों को उनका भुगतान समय पर मिलने से राहत होगी। सीडीओ ने बताया कि इस प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अलावा जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उन्हें जल्द सही किया जाएगा।

# रिलायंस कम्युनिकेशंस लोन फ्रॉड केस में सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी को राहत देने से किया इनकार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश में दखल करने से इनकार कर दिया, जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक के 2024 के मास्टर निदेर्शों के तहत ऋणदाता बैंकों द्वारा उद्योगपति अनिल अंबानी के ऋण खातों को 'धोखाधड़ी' के रूप में वगीर्कृत किए जाने के खिलाफ उन्हें दी गई अंतरिम सुरक्षा को रद्द कर दिया गया था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल पंचोली की पीठ ने अंबानी की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें बॉम्बे उच्च न्यायालय की खंडपीठ के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें एकल न्यायाधीश द्वारा उनके पक्ष में दी गई अंतरिम रोक को रद्द कर दिया गया था।

हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों का अंबानी द्वारा धोखाधड़ी वर्गीकरण कार्यवाही को चुनौती देने वाले दीवानी मुकदमों के अंतिम निर्णय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। न्यायालय ने लंबित मुकदमों की शीघ्र सुनवाई का भी निर्देश दिया, बशर्ते पक्षकार सहयोग करें, जबकि अंबानी के लिए कानून के तहत उपलब्ध अन्य सभी उपाय खुले रखे गए हैं।

सुनवाई के दौरान, अंबानी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि धोखाधड़ी का वर्गीकरण 'वास्तविक रूप से नागरिक मृत्यु' के समान होगा और उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अंतरिम सुरक्षा को खंडपीठ द्वारा रद्द नहीं किया जा सकता था। सिब्बल ने कहा, 'मुझे धोखेबाज कहा गया है। यह वास्तव में नागरिक मृत्यु है, कोई भी मुझे पैसा उधार नहीं देगा...'हालांकि, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ राहत देने के लिए सहमत नहीं हुई, क्योंकि सार्वजनिक धन के गबन और हेराफेरी से जुड़े गंभीर आरोपों की जांच चल रही थी।

सिब्बल ने तर्क दिया कि बैंकों द्वारा फोरेंसिक ऑडिट पर भरोसा किया गया है लेकिन वह कानूनी रूप से मान्य नहीं था क्योंकि यह लागू वैधानिक ढांचे और आरबीआई के 2024 के मास्टर निदेर्शों के तहत योग्य लेखा परीक्षक द्वारा नहीं किया गया था। यह सवाल उठाते हुए कि क्या सर्वोच्च न्यायालय उधारदाताओं के दृष्टिकोण को प्रतिस्थापित कर सकता है, पीठ ने टिप्पणी की: 'राष्ट्रीयकृत बैंकों ने सेवाएं ली हैं। वे सबसे अच्छे व्यक्ति को जानते हैं, क्या हम उनकी बुद्धिमत्ता को प्रतिस्थापित कर सकते हैं? यह उनका पैसा है!' सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि ऋणदाताओं के संघ द्वारा नियुक्त एक प्रतिष्ठित पेशेवर संस्था द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से फोरेंसिक रिपोर्ट तैयार की गई थी।

यह विवाद ऋणदाता बैंकों द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस और संबंधित संस्थाओं को दिए गए ऋणों के संबंध में बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा 15 अक्टूबर, 2020 को तैयार की गई फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट पर निर्भरता से उत्पन्न हुआ है। दिसंबर 2025 में, बॉम्बे उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने बैंकों द्वारा फोरेंसिक रिपोर्ट और संबंधित कारण बताओ नोटिसों पर आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी, प्रथम दृष्टया यह मानते हुए कि फोरेंसिक ऑडिट आरबीआई के मास्टर निदेर्शों के अनुरूप नहीं था और धोखाधड़ी वर्गीकरण के गंभीर सिविल परिणाम हो सकते थे।

# ईरान के साथ तनाव के चलते अमेरिका में गैस की कीमतों के पूवार्नुमान पर आई अनिश्चितता

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**




ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में ईंधन की कीमतों के भविष्य को ईरान संघर्ष में हो रहे घटनाक्रमों से जोड़ दिया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि पेट्रोल की कीमतों में लगातार गिरावट इस बात पर निर्भर करेगी कि होरमुज जलडमरूमध्य दोबारा खोला जाता है या नहीं और चल रही वाताओं में कितनी प्रगति होती है।

ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बुधवार (स्थानीय समय) व्हाइट हाउस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संवाददाताओं से कहा कि गैस की कीमतों में कमी का समय अभी अनिश्चित है। उन्होंने ईरान से जुड़े तनाव के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति में आई बाधाओं का हवाला दिया।

बेसेंट ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि 20 जून से 20 सितंबर के बीच किसी समय हम फिर से 3 डॉलर प्रति गैलन गैस देख सकते हैं,' हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि परिणाम इस बात पर निर्भर करेंगे कि बातचीत कैसे आगे बढ़ती है।

उन्होंने कहा कि होरमुज जलडमरूमध्य अभी 'पूरी तरह से दोबारा नहीं खोला गया है,' और यह भी जोड़ा कि जैसे ही शिपिंग मार्ग सामान्य संचालन में लौटेंगे, ऊर्जा बाजार स्थिर हो जाएंगे।

बेसेंट ने कहा कि मध्य पूर्व के वित्त मंत्रियों के साथ हुई चचाओं से संकेत मिलता है कि परिस्थितियां सुधरते ही तेल उत्पादन तेजी से फिर शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा, 'जैसे ही जलडमरूमध्य खुलता है, वे एक सप्ताह के भीतर फिर से उत्पादन शुरू कर सकते हैं।' प्रशासन ने कहा कि वह ईंधन की कीमतों पर नजर बनाए हुए है और खुदरा विक्रेताओं से अपील की है कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने पर उसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं।

# क्वालकॉम और बॉश मिलकर अडास सॉल्युशन करेंगी विकसित

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



क्वालकॉम और बॉश कंपनी ने अडास (एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम) टेक्नोलॉजी को आम जनता के लिए किफायती बनाने के लिए हाथ मिलाया है। अपने डिजिटल कॉकपिट कंप्यूटरों की सफलता के बाद, ये दोनों कंपनियां मिलकर वाहन निमार्ताओं के लिए अडास सॉल्युशन विकसित करेंगी। इस साझेदारी के तहत, बॉश क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन राइड हार्डवेयर पर आधारित इन-कार कंप्यूटर तैयार करेगा। ये कंप्यूटर अडास की विभिन्न सुविधाओं को ऑपरेट करेंगे। कार निमार्ता एक ही स्नैपड्रैगन राइड फ्लैक्स एसओसी पर आधारित कॉकपिट और अडास हार्डवेयर सॉल्युशन का चयन कर अपनी लागत को कम कर सकते हैं, जिससे उन्हें सॉफ्टवेयर-डिफाइंड वाहनों के विकास में मदद मिलेगी।

कंपनियों का कहना है कि यह स्केलेबल और मॉड्यूलर प्लेटफॉर्म हाई बैंडविड्थ और कंप्यूटिंग क्षमता प्रदान करेगा, जिससे तेज गति से चलती कार में भी सटीक एनवायरमेंट मॉडलिंग संभव होगी और ड्राइवर-यात्री की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह समाधान शुरूआती स्तर के अडास वर्किंग (जैसे स्पीड/डिस्टेंस कंट्रोल) से लेकर एडवांस्ड ऑटोमेटेड ड्राइविंग सिस्टम तक का समर्थन करेगा। पूर्वी एशियाई ओईएमएस से उन्हें पहले ही कई महत्वपूर्ण डिजाइन अनुबंध मिल चुके हैं। इन नए प्लेटफॉर्म पर आधारित पहले वाहन 2028 तक बाजारों में आने की उम्मीद है, जिससे अडास फीचर्स अधिक किफायती दामों पर उपलब्ध हो सकेंगे।

भारत में भी, ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने पुणे के पास देश का पहला खास अडास टेस्ट सिटी लॉन्च किया है। यह 20 एकड़ में फैली फैसिलिटी भारतीय सड़कों के हालात को नियंत्रित माहौल में फिर से बनाती है, जिससे ऑटोमेकर्स भारत के लिए विशेष रूप से अडास टेक्नोलॉजी का परीक्षण, सत्यापन और कैलिब्रेट कर सकें। एआएआई का मानना है कि अडास भारत में सड़क हादसों और मौतों की समस्या को हल करने में मदद कर सकता है। बता दें कि आधुनिक कारों में मिलने वाला अडास सेफ्टी फीचर अब तक महंगी कारों के टॉप वेरिएंट तक ही सीमित रहा है।

# इन्फोसिस ने पुणे ऑफिस उत्पीड़न आरोपों को बताया बेबुनियाद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**




टीसीएस के नासिक ऑफिस में महिलाओं के शोषण को लेकर लगे आरोपों के बाद, आईटी कंपनी इन्फोसिस ने सोशल मीडिया पर लगे उन आरोपों को खारिज दिया है, जिसमें दावा किया जा रहा था कि कंपनी की पुणे में मौजूद बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) इकाई में उत्पीड़न हो रहा है।

कंपनी की ओर से यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब कार्यस्थल पर उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के आरोपों को लेकर नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सुर्खियों में है और महाराष्ट्र में आईटी क्षेत्र की गहन जांच चल रही है।

इन्फोसिस विवाद तब सामने आया जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में पुणे स्थित उसकी इकाई में महिला कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया गया।

हालांकि, बाद में इन पोस्ट को हटा दिया गया। महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि सरकार ने इन आरोपों का संज्ञान लिया है।

इन्फोसिस ने कहा कि वह उत्पीड़न और भेदभाव के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करती है।

कंपनी ने कहा, 'इन्फोसिस किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या भेदभाव के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाती है।' आईटी फर्म ने आगे कहा कि रिपोर्ट किए गए किसी भी मुद्दे को गंभीरता से लिया जाता है और एक स्वतंत्र समिति द्वारा उसकी जांच की जाती है, और वह एक 'स्पीक-अप कल्चर' को बढ़ावा देती है, जो कर्मचारियों को कई माध्यमों से अपनी चिंताओं को बताने के लिए प्रोत्साहित करती है। कंपनी ने यह भी कहा कि उसने मामले की जांच के लिए अपनी ग्लोबल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुरूप आंतरिक प्रक्रियाओं और निवारक तंत्रों को सक्रिय कर दिया है।

यह घटनाक्रम टीसीएस नासिक मामले के बाद सामने आया है, जिसमें कई महिला कर्मचारियों ने 2022 से 2026 के बीच वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

शिकायतों में यौन उत्पीड़न, पीा करना, अनुचित स्पर्श, आपत्तिजनक टिप्पणियां, मानसिक उत्पीड़न और कु धार्मिक प्रथाओं को अपनाने या धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने के आरोप शामिल हैं।

जांचकताओं ने 40 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की है और शिकायतकताओं और आरोपियों के बयान दर्ज कर रहे हैं। पुलिस ने जांच के सिलसिले में महिला कर्मचारियों को शामिल करते हुए एक गुप्त अभियान भी चलाया है। जांच अभी जारी है और अधिकारियों का कहना है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। एनडीटीवी प्रॉफिट के अनुसार, एक संबंधित घटनाक्रम में, टीसीएस अधिकारियों ने आरोपों की आंतरिक जांच के तहत इस सप्ताह अपने नासिक कार्यालय का औचक दौरा किया।

# पश्चिमी एशिया संकट के बावजूद एलपीजी की मारामारी खत्म, सिलेंडर बुकिंग में कमी

### सरकारी प्रयासों और वैकल्पिक आपूर्ति से स्थिति सामान्य हुई, मांग-आपूर्ति का अंतर पाटा गया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**



पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की बुकिंग के लिए मची मारामारी अब काफी हद तक खत्म हो गई है। एक महीने पहले जहां दैनिक बुकिंग 90 लाख तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 43 लाख रह गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, आपूर्ति व्यवस्था में सुधार और सरकार के त्वरित कदमों के कारण स्थिति सामान्य हो रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 14 अप्रैल को सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने घरेलू उपभोक्ताओं को 43.1 लाख सिलिंडरों की बुकिंग के मुकाबले 47.6 लाख एलपीजी सिलिंडर वितरित किए, जो आपूर्ति व्यवस्था के दुरुस्त होने का संकेत है। पश्चिम एशिया संकट से पहले घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की औसत दैनिक मांग लगभग 55 लाख थी, और अब आपूर्ति तथा मांग के अंतर को काफी हद तक पाट लिया गया है। रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन में वृद्धि, सिलिंडर बुकिंग के बीच लंबे अंतराल, विभिन्न क्षेत्रों में आपूर्ति को प्राथमिकता देने और वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने जैसे कदमों से स्थिति को संभालने में खासी मदद मिली है। भारत ने पश्चिम एशिया से बाधित आपूर्ति की भरपाई के लिए अमेरिका, अंगोला और ईरान सहित अन्य देशों से एलपीजी की खरीद बढ़ाई है। केंद्र सरकार ने भी स्थिति पर बारीकी से नजर रखी है। सरकार के अनुसार, अब किसी भी वितरक कंपनी के पास ड्राई-आउट जैसी स्थिति नहीं है और ऑनलाइन बुकिंग 84 प्रतिशत से बढ़कर 98 प्रतिशत हो गई है। ऑटो एलपीजी की बिक्री में भी अप्रैल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सरकार ने फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और खाद्य जैसे अहम क्षेत्रों के लिए सी3 और सी4 गैसों की मात्रा को पहले के 800 टन/दिन से बढ़ाकर 1,000 टन प्रतिदिन कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया ह पैसे चढ़कर 93.27 प्रति डॉलर पर खुला

**रुपया बुधवार को 93.33 डॉलर पर बंद हुआ था**

**मुंबई, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** पश्चिम एशिया में शांति समझौते की उम्मीदों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख से रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार में ह पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.27 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.29 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले मजबूत होकर 93.27 पर पहुंच गया जो पिले बंद भाव से ह पैसे अधिक है। रुपया बुधवार को दो पैसे मजबूत होकर 93.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच ह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.72 पर रहा।

### सोने का भाव 1.54 लाख के पार, चांदी में भी 3758 की तेजी

**घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी मजबूती, निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** सोने और चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को कारोबार की शुरूआत के साथ ही तेज उाल देखने को मिला। घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक दोनों की कीमतों में मजबूती का रुख बना हुआ है। गुरुवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों ने तेजी के साथ शुरूआत की। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 703 रुपये की बढ़त के साथ 1,54,651 रुपये पर खुला, जबकि पिला बंद भाव 1,53,948 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय सोना 744 रुपये की तेजी के साथ 1,54,692 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था। इस दौरान इसने 1,54,752 रुपये का दिन का उच्च और 1,54,651 रुपये का निचला स्तर ु आ। चांदी के वायदा भाव में भी मजबूत तेजी देखी गई। एमसीएक्स पर चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट 3,758 रुपये की बढ़त के साथ 2,55,500 रुपये पर खुला। पिला बंद भाव 2,51,742 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह 3,513 रुपये की तेजी के साथ 2,55,255 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा था। इस दौरान चांदी ने 2,55,735 रुपये का उच्च और 2,54,688 रुपये का निचला स्तर ु आ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी शुरूआती सुस्ती के बाद तेजी का रुख देखने को मिला।

# पुलिसकर्मी को गाड़ी से टक्कर मारने के आरोप में दो गिरफ्तार

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

धौज थाना इलाके में पुलिसकर्मी को गाड़ी से टक्कर मारकर जान से मारने का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में सिरोही गांव का रहने वाला सद्दाम और आलमपुर गांव का आलम शामिल है। इनसे पूता में सामने आया कि 12 अप्रैल को उनका अपने गांव के ही साहिल और उसके पिता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

इसी विवाद के चलते साहिल ने कॉल कर पुलिस को मौके पर बुलाया था। पुलिस टीम द्वारा उनको थाने में चलने के लिए कहने पर वे तैश में आ गए और गाड़ी में बैठकर पुलिसकर्मी को जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी।



स्विफ्ट गाड़ी आलम की है और वारदात के समय वही गाड़ी चला रहा था।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे और नूंह में अपने रिश्तेदारी में चले गए थे। अपराध शाखा एवीटीएस सिकरोना की टीम ने दोनों को मंगलवार को पाली चौक से गिरफ्तार किया है। आलम के खिलाफ पहले भी हत्या के प्रयास समेत 4 एफआईआर नोएडा व नूंह में दर्ज है। वह करीब डेढ़ साल पहले ही जेल से आया था। वहीं सद्दाम पर भिवाड़ी व नूंह में 2 एफआईआर दर्ज हैं। आरोपियों को 1 दिन के रिमांड पर लेकर पुलिस टीम पूता कर रही है।

धौज थाना इलाके में ये वारदात 12 अप्रैल को हुई थी। पुलिस की ईआरवी टीम को सूचना मिली कि आलमपुर गांव में बीएसए कॉलेज के पी झगड़ा हो रहा है। ईआवर टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां दो पक्ष आपस में झगड़ा कर रहे थे। जब पुलिस टीम, दोनों पक्षों को समझाने और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही थी, तो इसी दौरान एक पक्ष के सद्दाम व आलम ने एक पुलिसकर्मी राजेंद्र को जान से मारने की नीयत से अपनी गाड़ी से टक्कर मार दी। मामले में सिपाही सोनू की शिकायत पर धौज थाना में हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

# गैस की कमी से फैक्टरियों में आधे से भी कम रह गया उत्पादन

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

मुजेसर औद्योगिक क्षेत्र में गैस आपूर्ति में आई बाधा ने सूक्ष्म और लघु इकाइयों (एमएसएमई) के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। फैक्टरियों में उत्पादन 50 प्रतिशत से भी कम रह गया है। ये बातें उद्यमियों ने संवाद कार्यक्रम में कहीं। राजेंद्र, करमजीत सिंह, लालबाबू दूबे, अमरजीत और लवप्रीत सिंह व अन्य उद्यमियों ने बताया कि स्थिति इतनी भयावह है कि फैक्टरियों में गैस वेल्डिंग और कटिंग आधारित इकाइयों के पहिये लगभग थम चुके हैं। उद्यमियों का कहना है कि पुराने सिलिंडर खाली हो चुके हैं और बाजार से नए कॉमर्शियल सिलिंडर मिलना मुश्किल हो गया है। उद्यमियों का कहना है कि काम बंद होने की कगार पर है। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती कुशल कारीगरों को रोक कर रखना है। यदि काम नहीं होगा, तो मजदूर पलायन करेंगे और यदि वे रुके रहे तो बिना उत्पादन के उन्हें वेतन देना ोटे उद्यमियों के लिए नामुमकिन होगा। उद्यमियों ने प्रशासन और संबंधित गैस एजेंसियों से मांग कि है कि औद्योगिक क्षेत्रों के लिए कॉमर्शियल गैस का कोटा सुनिश्चित किया जाए, गैस की किल्लत के बीच बढ़ती कीमतों और जमाखोरी पर नकेल कसी जाए। साथ ही जब तक आपूर्ति सामान्य नहीं होती ोटे उद्योगों



को बिजली दरों या अन्य शुल्कों में राहत दी जाए ताकि वह कम से कम इस युद्ध के बीच अपना व्यापार चला सकें।

जब सीजफायर हुआ था उस समय लगा कि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होगी, पर अब जिस तरह से रोज नई जानकारी आ रही है, उसको देखकर कु समझ नहीं आ रहा है।

**राजेश**

सबसे ज्यादा समस्या गैस की ही है। पहले के कु सिलिंडर रखे थे, जो कि अब खत्म हो गए हैं। स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

**करमजीत सिंह**

इस युद्ध ने ोटे कारोबारियों को बेहद परेशान किया है। कच्चे माल की कीमत तो बढ़ी ही है, ऊपर से गैस हमारी पहुंच से दूर है। - अमरजीत

गैस की किल्लत के कारण उत्पादन 50 प्रतिशत से भी कम हो गया है। ऑर्डर तो आ रहे हैं पर गैस ना होने के चलते समय पर काम पूरा नहीं हो पा रहा है।-सुशील

# घरेलू सहायिका ने चुराए लाखों के जेवरात

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** थानाक्षेत्र के अभयखंड 2 स्थित अरिहंत अलतुरा सोसायटी निवासी पल्लवी चतुवेर्दी के घर से लाखों के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। पीड़िता ने ऑनलाइन एप से काम के लिए घरेलू सहायिका शैलिका का हायर किया था। अब उसी पर चोरी का आरोप लगाया है। घटना सात अप्रैल को हुई। पुलिस ने 14 अप्रैल की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

पुलिस को दी शिकायत में पल्लवी ने बताया कि घरेलू सहायिका के लिए सात अप्रैल को उन्होंने मेड यू नामक एप से शैलिका को हायर किया था। जिस समय शैलिका काम करने घर पर आई तो परिवार के सभी सदस्य बाहर थे। आठ अप्रैल की सुबह जब उन्होंने कमरे में रखी अलमारी खोली तो पता चला कि उनकी सोने की चेन, पेंडल, हीरे की अंगूठी, सोने की अंगूठी,



कान की बाली और दो हजार रुपये गायब थें। जब उन्होंने घरेलू सहायिका को कॉल की तो उसका नंबर बंद आया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# चौथी लाइन पर काम के चलते कई एक्सप्रेस ट्रेने लेट

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

रेलवे की ओर से नई रेलवे लाइन बिाने का कार्य चल रहा है। इसकी वजह से लोकल समेत अन्य कई एक्सप्रेस ट्रेनें लेट हो रही हैं। लगातार ट्रेनों के लेट होने की वजह से यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को भी लोकल ट्रेनों के साथ हीं कई एक्सप्रेस ट्रेनें भी देरी से पहुंची।

यात्री आलोक शर्मा ने बताया कि इतनी गर्मी में कई-कई घंटों तक रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करना किसी परेशानी से कम नहीं है। ट्रेनों के देरी से पहुंचने के कारण यात्रियों को गंतव्य पर पहुंचने में देरी हो रही है। यदि ट्रेनें निर्धारित समय पर अपने गंतव्य पर पहुंच जाए तो यात्री को राहत। बुधवार को बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस 20 मिनट, दिल्ली-सहारनपुर मेमू एक घंटे 6 मिनट, दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेस 12 मिनट, कालका-



दिल्ली एक्सप्रेस चार घंटे 21 मिनट, शालीमार मालानी एक्सप्रेस एक घंटे 8 मिनट, योग नगरी ऋषिकेश स्पेशल तीन घंटे 24 मिनट समेत अन्य कई ट्रेनें विलंब से पहुंचीं।

## संक्षिप्त खबरें

### सेक्टर-37डी की झुग्गियों में रात को अज्ञात कारणों से लगी आग

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** सेक्टर-37डी में 14 अप्रैल की रात करीब 12.30 बजे अज्ञात कारणों से झुग्गियों में आग लगी गई। आग की चपेट में झुग्गियों में रखे सिलिंडर भी आ गए, जिससे आग ने भयावह रूप ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियां, पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल टीमों ने करीब दो घंटों में आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शॉर्ट सर्किट से कूड़े के ढेर में आग लगी और वह झुग्गियों तक फैल गई। रात करीब 12.40 बजे सेक्टर-37डी स्थित झुग्गियों में आग लगने की सूचना फायर विभाग को मिली थी। सिलिंडर फटने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। वहीं, झुग्गियों व पास ही लगे कूड़े के ढेर में आग लगने से धुआं व आगे की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। धुएं के कारण आस-पास सोसाइटी में रहने वालों को सांस लेने में दिक्कत हुई। इसके बाद सेक्टर-37 फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। इसके अलावा सेक्टर-29 फायर स्टेशन से तीन व भीमनगर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। दमकल टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जांच के बाद ही आग लगने के सही कारण का पता चल सकेगा।

### फिजिकल एजुकेशन को वैकल्पिक विषय के रूप में चुने सकेंगे ात्र

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) ने इस सत्र से मेडिकल, नॉन मेडिकल और कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों को फिजिकल एजुकेशन को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनने का विकल्प देने का फैसला किया है। शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अब तक कई ऐसे ात्र थे जो खेल कूद में आगे बढ़ना चाहते थे लेकिन स्ट्रीम के कारण उन्हें यह विषय चुनने का मौका नहीं मिल पाता था। इस फैसले के बाद अब वे बिना किसी परेशानी के अपनी रुचि के अनुसार विषय चुन सकेंगे। स्कूलों को कहा गया है कि वे ात्रों को इस नए विकल्प की जानकारी दें और उन्हें विषय चयन करने में मदद करें। यह सुविधा स्कूल एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ात्र आसानी से अपनी पसंद का विषय चुन सकेंगे।

# बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर भड़की आग के चलते संकट में सांसे

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

बंधवाड़ी लैंडफिल साइट में बुधवार शाम अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। कूड़े के ढेर में लगी आग तेजी से फैल गई और पूरे इलाके में काला धुआं ा गया। दूर-दूर तक आग की लपटें दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया और लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले भी बंधवाड़ी लैंडफिल साइट आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, आग पर काबू पाने में कई घंटे लग सकते हैं, क्योंकि कूड़े के अंदर तक आग फैल चुकी है। मौके पर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त समेत प्रशासन के कई अधिकारी भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि कूड़े में किसी चिंगारी या गैस के कारण आग भड़की। धुएं के




चलते आसपास के इलाकों में हवा प्रदूषित हो गई है। वहीं, ट्रैफिक को भी एहतियातन डायवर्ट किया गया है।

**ट्रैफिक रूट को किया गया डायवर्ट**

बंधवाड़ी लैंडफिल साइट में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड कर्मी लगातार पानी की बौार कर रहे हैं, लेकिन आग तेजी फैलने के कारण राहत कार्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। प्रशासन ने एहतियातन ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया है। आग से बढ़ते धुएं के कारण वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है, जिससे स्थानीय निवासी सांस लेने में दिक्कत की शिकायत कर रहे हैं।

# बढ़ी फीस और अव्यवस्थाओं पर भड़के डीएवी स्कूल के अभिभावक

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

बिना एसी चलाए फीस में एसी चार्ज जोड़ने, एक दिन में दो विषय की परीक्षा लेने और स्कूल परिसर में चिकित्सा सुविधा न होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को अभिभावकों ने डीएवी स्कूल पर प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। करीब डेढ़ घंटे तक स्कूल पर धरना-प्रदर्शन हुआ तो प्रधानाचार्य ने अभिभावकों के साथ बैठक की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान किया जाएगा। इसके बाद ही अभिभावकों ने बैठक में हुई चर्चा को लिखित में ई-मेल से भेजने की सहमति मिलने ही पर वापस गए।

बुधवार सुबह आठ बजे राजेंद्र नगर स्थित डीएवी स्कूल के गेट नंबर एक पर अभिभावक एकत्र होना शुरू हो गए। फीस में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि, बिना एसी चलाए उसका चार्ज जोड़ने पर अभिभावक नाराज थे। इसी




के विरोध में अभिभावक बुधवार को स्कूल परिसर पहुंचे और प्रधानाचार्य से मिलने की बात की। करीब डेढ़ घंटे तक अभिभावक मुख्य गेट पर खड़े रहे और हंगामा किया। अभिभावकों का शोर होने पर प्रधानाचार्य मोनिका मेहन स्वयं उनके बीच पहुंची और समझाने का प्रयास किया। मगर अभिभावकों का विरोध देख प्रधानाचार्य ने उनके साथ कांफ्रेंस रूम में बैठाकर वार्ता की। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## यह हैं अभिभावकों के आरोप

फीस में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है और बिना एसी चलाए ही उसका चार्ज लिया जा रहा है। एक ही दिन में दो-दो विषय का टेस्ट लिया जा रहा है। इसके अलावा तेज धूप में बच्चों की खुले में एसेंबली कराई जाती है। स्कूल परिसर में मेडिकल के नाम पर भी कोई सुविधा नहीं है। खेलने के दौरान चोट लगने पर अस्पताल ही ले जाना होता है। जबकि इसका चार्ज लिया जाता है। कई शिक्षकों का विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ व्यवहार भी अच नहीं है।

## क्या बोले अभिभावक

स्कूल प्रबंधन फीस पूरी लेता है लेकिन मेडिकल सुविधा कु भी नहीं है। बिना एसी चलाए ही इसका पैसा ले रहे हैं। प्रधानाचार्य से बात हुई है और समस्याएं सुलझाने की उन्होंने बात कही है।-- माला, अभिभावक

बच्चों के साथ कु शिक्षकों का व्यवहार अच नहीं है, फीस भी बढ़ा दी गई है। सभी व्यवस्थाएं सुधारने की बात कही है। वार्ता में बनी सहमति मेल से अभिभावकों को भेजी जाएंगी।--सौरभ त्यागी, अभिभावक



## सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहा पवन सिंह का गाना

ो हाल ही में कु विवादों के चलते चर्चा में रहे भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार पवन सिंह अब अभिनेत्री खुशी तिवारी के साथ बड़े पर्दे पर शानदार केमिस्ट्री बिखेरते नजर आ रहे हैं, जिसने उनके प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। सोशल मीडिया पर यह गाना रिलीज होते ही तेजी से वायरल हो रहा है और कु ही घंटों में 40 हजार से अधिक व्यूज हासिल कर चुका है। गाने में खुशी तिवारी पवन सिंह से नई-नई साड़ियों की मांग करती दिख रही हैं, वहीं पवन सिंह भी उनकी खूबसूरती पर फिदा होकर कहते हैं कि काली साड़ी में वह बेहद कमाल लगती हैं। गाने में दोनों कलाकारों के बीच बेहतरीन रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। गाने को पवन सिंह ने अपनी दमदार आवाज के साथ सिंगर खुशी कक्कड़ के साथ मिलकर गाया है। आशुतोष तिवारी ने गाने के दिल् लेने वाले बोल लिखे हैं, जबकि प्रियांशु सिंह ने संगीत दिया है। गाने का म्यूजिक इतना जोशीला और आकर्षक है कि इसे सुनने के बाद आपका भी मन झूमने को करेगा।



## महिलाओं के लिए बड़े सुधार मोदी जी के आने के बाद ही संभव हुए: रुपाली गांगुली

स हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण वाले बिल को अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए अपनी गहरी खुशी जाहिर की है। अभिनेत्री ने कहा कि यह बिल, जो 2023 में पारित हुआ था, अब अगले चुनावों से संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। मीडिया से चर्चा में रुपाली ने इस उपलब्धि को दशकों के संघर्ष का परिणाम बताया। रुपाली गांगुली ने कहा, सालों लगे, लगभग 27-28 साल लग गए। 2023 में बिल पास हुआ और अब जाकर यह लागू होने वाला है। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पहले लगता था कि कोई पी से आ तो नहीं रहा, अब यह है कि मेरे पी मेरी सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की सराहना करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए इतने बड़े सुधार मोदी जी के आने के बाद ही संभव हो पाए हैं।

# रश्मिका मंदाना ने शेयर किया

## ‘कॉकटेल 2’ का बीटीएस वीडियो, दिखी इटली में ‘जब तलक’ गाने की शूटिंग की खास झलक



शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन एक साथ फिल्म ‘कॉकटेल 2’ में काम कर रहे हैं। यह फिल्म होमी अदजानिया निर्देशित कर रहे हैं। रश्मिका ने आज 16 अप्रैल को फिल्म के सेट से एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया। जिसमें तीनों जमकर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।

**बिहाइंड द सीन वीडियो:** रश्मिका ने इटली के सिसिली में ‘जब तलक’ गाने की शूटिंग का मजेदार वीडियो आज इंस्टाग्राम पर शोयर किया है। इस बीटीएस वीडियो में शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनके मस्ती भरे पल दिखाए गए हैं।

**रश्मिका का पोस्ट:** रश्मिका फिल्म ‘कॉकटेल 2’ में दीया का रोल निभा रही हैं। उन्होंने वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ‘दीया की डायरी का एक पन्ना। हमने सिसिली में ‘जब तलक’ गाने की शूटिंग की। बीच-बीच में नाचना, हंसना, मस्ती करना और फिर भी पूरे स्टाइल से गाना निभाना। दीया अपनी जिंदगी का पूरा मजा ले रही थी। फिल्म देखने पर आपको पता चल जाएगा कि क्यों।’

**शाहिद औक कृति के साथ रश्मिका की केमिस्ट्री :** रश्मिका ने शाहिद और कृति के किरदारों को ‘डांस और क्राइम में पार्टनर’ बताया। रश्मिका ने आगे लिखा, ‘एली और कुन्जी सचमुच पागल हैं। दीया उनके साथ एक भी पल गंभीर नहीं रह पाई। आप दोनों मेरा पागलपन हो और मैं आप दोनों से बहुत प्यार करती हूं।’

**फैंस की रिएक्शन :** फैंस रश्मिका के इस वीडियो को बहुत पसंद कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, ‘मेरी रश्मिका शूटिंग का पूरा मजा ले रही है।’ दूसरे फैन ने लिखा, ‘रश्मिका हमेशा प्यारी और खूबसूरत लगती हैं।’ फिल्म 19 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बफीर्ली वादियों में आलिया-रणबीर वेडिंग एनिवर्सरी

बॉलीवुड के सबसे प्यारे कपल्स में गिने जाने वाले आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को शादी रचाई थी। ये स्टार कपल अपनी चौथी वेडिंग एनिवर्सरी मना रहा है, जिसे उन्होंने स्विट्जरलैंड की खूबसूरत बफीर्ली वादियों में खास अंदाज में सेलिब्रेट किया। इस खास मौके की झलकियां आलिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ शेयर की हैं, जिसमें दोनों बेहद खुश और रोमांटिक मूड में नजर आ रहे हैं। शेयर की गई तस्वीरों में आलिया और रणबीर साथ में स्माइल करते हुए पोज दे रहे हैं। इस दौरान आलिया ब्लैक स्वेटर में काफी क्यूट लग रही हैं, वहीं रणबीर ग्रे स्वेटर और कैप में स्टाइलिश दिख रहे हैं। एनिवर्सरी ट्रिप के दौरान कपल ने एडवेंचर का भी भरपूर मजा लिया। बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच दोनों ने स्कीइंग की और उसके बाद कैमरे के सामने पोज देते हुए अपनी खुशी जाहिर की। इसके अलावा, कपल ने ठंड के मौसम में गर्मागर्म कॉफी का आनंद भी लिया, जिसकी तस्वीरें उनके रोमांटिक वेकेशन को और खास बना रही हैं। आलिया ने अपने पोस्ट में स्विट्जरलैंड की हसीन वादियों की झलक भी दिखाई है, जहाँ चारों तरफ बर्फ से ढके पहाड़ इस ट्रिप को और भी यादगार बना रहे हैं। स्कीइंग के बाद कपल ने कैंडल लाइट डिनर का लुत्फ उठाया, जिससे उनकी डिनर डेट काफी रोमांटिक लग रही थी।

# आयुष म्हात्रे के खेल से प्रभावित हैं ब्रेविस

**चेन्नई , यूटर्न/ 16 अप्रैल।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने टीम के उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसका खेल लाजवाब है। ब्रेविस के अनुसार जिस प्रकार से आयुष निडर होकर बल्लेबाजी करते हैं उसका कोई जवाब नहीं है। साथ ही कहा कि इस बल्लेबाज को खेलते देखने उन्हें काफी अच लगता है। रविचंद्रन अश्विन और डेल स्टेन के साथ बातचीत के दौरान, ब्रेविस ने आयुष के धमाकेदार प्रदर्शन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि म्हात्रे एक अलग तरह के बल्लेबाज हैं। साथ ही कहा कि वह युवा हैं और जिस तरह से चाहते हैं खेलते हैं। मेरा भी यही मानना है कि वह अपने अनुसार खेलें। साथ ही कहा कि आपके करियर में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं पर ये देखना शानदार है कि वह कैसे खेलते हैं। ब्रेविस की इस बात से साफ है कि आयुष के खले से उनकी टीम के साथी किस प्रकार से प्रभावित हैं। इसके अलावा, ब्रेविस ने कोलकाता के खिलाफ अपने स्वयं के प्रदर्शन और टीम की जीत पर भी खुशी जतायी। उन्होंने मैच के अनुभव को बेहतरीन बताया और कहा कि चेन्नई में दर्शकों की उत्साही भीड़ के सामने खेलना खास अनुभव रहा। ब्रेविस ने पिच की स्थिति पर भी बात की, यह स्वीकार करते हुए कि विकेट को समझने में कु समय लगा, क्योंकि यह पिली रात की तुलना में थोड़ा अलग था। ब्रेविस ने कहा, मैदान पर डाइव लगाना, बल्ले से अच स्विंग करना और बस उसे महसूस करना बहुत अच था। उन्होंने अपनी फिटनेस और आत्मविश्वास को लेकर भी बताया और कहा कि मेरा मनोबल भी बढ़ गया है क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण बाहर रहना अच नहीं था।



# विराट बोले, मैं अभी भी पूरी तरह फिट नहीं

» **लखनऊ, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली का कहना है कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं आर उनके घुटने में सूजन बना हुआ है। विराट ने इसके बाद भी लखनऊ सुपर जाइंट्स के शानदार पारी खेली थी। इससे आरसीबी ने लखनऊ को 5 विकेट से हरा दिया था। मैच के बाद विराट से जब उनकी फिटने का लेकर पू गया तो उन्होंने माना है कि वह अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। कोहली ने कहा, ‘मेरा घुटना हालांकि पिले मैच की तुलना में काफी बेहतर है, लेकिन पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। पिले मैच के दौरान घुटने में काफी सूजन थी। इतना ही नहीं, पिले 4-5 दिनों से मेरी तबीयत भी सही नहीं थी और मैं स्वास्थ्य के लिहाज से भी अच महसूस नहीं कर रहा था।’ इन शारीरिक परेशानियों के बाद भी ने काफी अची बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंदों में 49 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। कोहली को हालांकि इस बात का दुख है कि वह मैच समाप्त नहीं कर पाये।

# होर्मुज स्ट्रेट में नाकेबंदी पर ईरान की धमकी, हम पहली मिसाइल से ही अमेरिकी जहाजों को डुबो देंगे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

इस्लामाबाद में ईरान के साथ वार्ता असफल होने के बाद अमेरिका ने अरब और ओमान की खाड़ी में ईरानी बंदरगाह से आने और जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर नाकाबंदी लगा दी है। अमेरिकी नौसेना के जहाज ओमान की खाड़ी में गश्त कर रहे हैं इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार मोहसेन रेजाई ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करने का फैसला करता है तो हम अमेरिकी जहाजों को डुबो देंगे।



पिले महीने मोजतबा खामेनेई ने ईरान के वरिष्ठ अधिकारी मोहसेन रेजाई को सैन्य सलाहकार नियुक्त किया था। उन्होंने तंज कसते हुए सवाल किया कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए पुलिस बनना चाहते हैं। क्या यह वास्तव में आपका काम है? क्या यह अमेरिका जैसी शक्तिशाली सेना का काम है?'

एक सरकारी टीवी को दिए अपने बयान में मोहसेन रेजाई ने कहा, आपके ये जहाज हमारी पहली मिसाइलों से डूब जाएंगे। ये निश्चित रूप से हमारी मिसाइलों की चपेट में आ सकते हैं और हम इन्हें नष्ट कर सकते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान पर जमीनी आक्रमण शुरू करता है तो यह और अच होगा, क्योंकि हम हजारों अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लेंगे और फिर प्रत्येक बंधक के बदले हमें एक अरब डॉलर मिलेंगे। मोहसेन रेजाई ने कहा कि मैं युद्धविराम को बढ़ाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं हूं और यह मेरा व्यक्तिगत विचार है। दोनों देसजोन के बीच जारी तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर संवाद, तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्ण सम्मान पर जोर दिया।

उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हम गहरे भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती असमानताओं, घटते विश्वास और अपार मानवीय पीड़ा के दौर से गुजर रहे हैं। यह समय संवाद, तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान करने की मांग करता है।

## ईरान ने परमाणु हथियार की मंशा से किया इनकार, आरोपों को बताया 'बड़ा झूठ'

**तेहरान, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर किये जा रहे दावों को 'झूठा आरोप' करार देते हुए कहा है कि वह परमाणु हथियार विकसित करने की कोई मंशा नहीं रखता है। वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ईरान के स्थायी मिशन ने कहा कि यह आरोप निराधार हैं और बार-बार दोहराने से सत्य नहीं बन जाते। मिशन ने जोर दिया कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार बनाने, विकसित करने या हासिल करने का प्रयास नहीं किया है। मिशन ने 'ईरान के पुनः-पुष्टिकरण' पर जोर देते हुए कहा कि 'वह किसी भी परिस्थिति में कभी भी कोई परमाणु हथियार न तो हासिल करने की कोशिश करेगा, न ही उन्हें विकसित करेगा और न ही उन्हें प्राप्त करेगा।' मिशन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इस बात का स्वागत किया है और आईएईए ने इसकी लगातार पुष्टि की है। मिशन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की विस्तृत जांच हुई है और किसी भी प्रकार के परमाणु सामग्री के दुरुपयोग का प्रमाण नहीं मिला है। ईरान ने यह भी कहा कि वह परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के प्रति प्रतिबद्ध है और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के उपयोग का उसका अधिकार 'अविभाज्य' है। मिशन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति का यह दावा तो उनके अपने देश की खुफिया एजेंसियों के आकलन के भी विपरीत है। मिशन ने इजरायली अधिकारियों के उन लंबे समय से चले आ रहे दावों को भी खारिज कर दिया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने से केवल 'कु ही हफ्ते दूर' है। मिशन ने कहा, 'यह 'बड़ा झूठ' कि ईरान परमाणु हथियार बनाने से केवल कु ही हफ्ते दूर है, नेतन्याहू ने यह झूठ लगभग 1790 हफ्तों (34 साल से भी ज्यादा समय) तक दोहराया है। यह झूठ उस सच्चाई को नहीं बदल पाया है कि असल में ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार का रास्ता नहीं चुना, बल्कि उसने परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के अपने अटूट अधिकारों पर ही जोर दिया। उल्लेखनीय है कि ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को वर्षों से राजनीतिक दबाव और पश्चिमी आरोपों का सामना करना पड़ा है।

# लाहौर में लश्कर-ए-तैयबा का संस्थापक सदस्य अमीर हमजा गोलीबारी में घायल

» **लाहौर, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्यों में से एक अमीर हमजा गोली लगने से घायल हो गया है।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, गुरुवार को लाहौर के कोट लखपत इलाके में हमदर्द चौक के पास पेको रोड पिंडी स्टॉप के नजदीक कुछ बाइक सवारों ने उनकी कार पर फायरिंग की। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमजा सुबह करीब 8:30 बजे एक धार्मिक कार्यक्रम ह्रानूर सहरह्र में शामिल होकर घर लौट रहे थे। तभी हथियारबंद लोग बाइक से उतरे और उनकी कार पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

यह कार्यक्रम लाहौर के एक निजी टीवी चैनल पर आता है, जो देश के गृह मंत्री मोहसिन नकवी का बताया जाता है। बताया गया कि टीवी कार्यक्रम के होस्ट, जस्टिस (रिटायर्ड) नजीर अहमद गाजी भी कार में मौजूद थे, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई।



हमजा ने 1990 के दशक की शुरूआत में हाफिज मोहम्मद सईद के साथ मिलकर लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना की थी। इस संगठन को दिसंबर 2001 में अमेरिका के विदेश विभाग ने विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकी घोषित किया था।

हालांकि, संगठन पर प्रतिबंध लगने के बावजूद लश्कर-ए-तैयबा और इसके नेता पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रहे और भारत सहित दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में आतंकी गतिविधियों में शामिल रहे।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के मुताबिक, हमजा लश्कर-ए-तैयबा की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य था और हाफिज सईद के निर्देश पर दूसरे संगठनों के साथ रिश्ते बनाए रखता था। वे एक संबंधित चैरिटी का नेतृत्व भी करता था और एक ट्रस्ट के सदस्य था, जिसे सईद चलाता था।

अमेरिकी विभाग ने बताया 2010 तक उनकी जिम्मेदारियों में संगठन के लिए प्रचार सामग्री तैयार करना भी शामिल था। वे लश्कर-ए-तैयबा के एक साप्ताहिक अखबार के संपादक के रूप में भी काम कर चुका है।

2011 तक उसमें लेख भी लिखे। इसके अलावा, वे उन तीन नेताओं में शामिल था, जिन्होंने पकड़े गए सदस्यों की रिहाई के लिए बातचीत की थी। 2009 तक वे संगठन के ह्रास्पेशल कैंपेनह्र विभाग के प्रमुख भी रह चुका था।

## संक्षिप्त खबरें

### दक्षिण अफ्रीका में 10 से 14 साल की बच्चियां बन रही हैं मां

**ब्लोमफोंटेन, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** दक्षिण अफ्रीका से मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाएं सामने आ रही है। इस देश में हृदयविदारक सच्चाई सामने आई है, जहां बडी संख्या में नाबालिग बच्चियां गर्भ धारण करने का मजबूर है। यहां 10 से 14 साल की नाबालिग बच्चियां मां बन रही हैं, और यह दृश्य अस्पतालों में चौंकाने वाला रूप से सामान्य हो चला है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 10 से 14 साल की उम्र की 2,103 लड़कियों ने बच्चों को जन्म दिया। कुल मिलाकर, 19 साल से कम उम्र की 98,351 लड़कियों ने प्रसव कराया, जिनमें यह सबसे टी आयु वर्ग भी शामिल था। 2024-25 के आंकड़ों में तो कुल 1,17,195 लड़कियां 10-19 साल की उम्र में मां बनीं, जिनमें 1,400 से अधिक बच्चियां 10-14 साल की थीं। पूर्वी केप और क्वाजुलु-नटाल प्रांतों में यह समस्या सबसे गंभीर है, जहां अप्रैल से जुलाई 2025 के बीच अकेले पूर्वी केप में 117 लड़कियां 10-14 साल की उम्र में मां बनीं।

### दक्षिण कोरिया के स्कूल का लंच देख लोग रह गए दंग

**सियोल, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** आमतौर पर स्कूलों में मिलने वाले भोजन की कल्पना में साधारण और पोषणरहित आहार ही आता है, लेकिन दक्षिण कोरिया ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वहां के स्कूलों का लंच देखकर लोग दंग रह गए हैं। सबसे खास बात यह है कि वहां की रसोई किसी आधुनिक लैब से कम नहीं दिखती, जहां स्टाफ पूरी सावधानी से मास्क और दस्ताने पहनकर, अत्यधिक स्वच तरीके से भोजन तैयार करता है।

## ईरान को झुकाने की कोशिश नाकाम होगी : पेजेशकियान

**तेहरान, यूटर्न/ 16 अप्रैल।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने घोषणा की है कि ईरान को 'आत्मसमर्पण' के लिए मजबूर करने की अमेरिका या इजरायल की किसी भी कोशिश का 'विफल होना तय' है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोग किसी हाल में इसे स्वीकार नहीं करेंगे। श्री पेजेशकियान ने बुधवार को तेहरान के आपातकालीन सेवा अधिकारियों के साथ बैठक में इस बात पर जोर दिया कि ईरान ने कभी भी युद्ध या अस्थिरता नहीं चाही है। वह अन्य देशों के साथ निरंतर संवाद और रचनात्मक जुड़ाव का पक्षधर रहा है। ईरानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का नाम लिये बिना राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय व्यवहार में 'दोहरे मानदंडों' की आलोचना की और संप्रभु राष्ट्रों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की निंदा की। अमेरिकी-इजरायली आक्रामकता के बावजूद ईरान के सैद्धांतिक रुख का जिक्र करते हुए श्री पेजेशकियान ने कहा, 'ईरान युद्ध या अस्थिरता नहीं चाहता है।' श्री पेजेशकियान ने सेवा वितरण और परिचालन तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा, 'हालांकि, अपनी इच थोपने या देश को अधीनता के लिए मजबूर करने का कोई भी प्रयास विफल होना तय है और ईरान इस तरह के दृष्टिकोण को कभी स्वीकार नहीं करेगा।' उन्होंने सवाल किया, 'अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के भीतर नागरिकों, विशिष्ट हस्तियों, बच्चों को निशाना बनाने और स्कूलों तथा अस्पतालों जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों को नष्ट करने का क्या औचित्य है?

## ईरान की कमर तोड़ने के लिए अमेरिका ने तेल व्यापार से जुड़े देशों को दी सेकेंडरी बैन की चेतावनी

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान की वार्ता विफल होने के बाद अमेरिकी सरकार अब तेहरान को घेरने के लिए दूसरा तरीका अपना रही है। अमेरिका का कहना है कि ईरान के आर्थिक रूप से कमजोर करना होगा। ऐसे में ट्रंप सरकार ने ईरान के खिलाफ अपना आर्थिक कैंपेन तेज कर दिया है।

अमेरिका ने ईरान को कड़े प्रतिबंधों की चेतावनी दी है, जिसमें ईरानी तेल से डील करने वाले देशों और बैंकों पर सेकेंडरी पेनल्टी भी शामिल है। अधिकारियों ने इसे वित्तीय और भू-राजनीतिक दबाव को मिलाकर एक बड़ी रणनीति बताया है।

अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वॉशिंगटन ईरान के खिलाफ अपने वित्तीय हमले को बढ़ा रहा है, जिसे उन्होंने 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' बताया। बेसेंट ने कहा, 'एक साल से ज्यादा समय से ईरानी सरकार में पेमेंट रोकने और आईआरजीसी के अकाउंट्स पर नजर रखने के लिए हमने ईरानियों पर सबसे ज्यादा दबाव डाला है।' उन्होंने कहा कि अमेरिका अब साझेदार देशों पर तेहरान के खिलाफ और ज्यादा कड़े कदम उठाने के लिए दबाव डाल रहा है, जिसमें ईरान के नेतृत्व से जुड़े फंड्स




को फ्रीज करना भी शामिल है। उन्होंने कहा, 'हमने उनसे यह अपील की है कि हम आईआरजीसी और ईरानी लीडरशिप के किसी भी सदस्य के और फंड्स को फ्रीज करना चाहते हैं।' बेसेंट ने चेतावनी दी कि सरकार उन देशों और संस्थान पर सेकेंडरी बैन लगाने के लिए तैयार है जो ईरानी तेल रेवेन्यू से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, 'हमने देशों से कहा है कि अगर आप ईरानी तेल खरीद रहे हैं, अगर ईरानी पैसा आपके बैंकों में पड़ा है, तो हम अब सेकेंडरी बैन लगाने को तैयार हैं।' अमेरिकी नेता ने इसे बहुत सख्त कदम बताया। वित्त सचिव ने कहा कि कार्रवाई पहले से ही चल रही है और वित्तीय संस्थान को चेतावनी भी जारी कर दी गई है।

## ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकारों पर समझौते से किया इनकार

» **तेहरान, यूटर्न/ 16 अप्रैल।**

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान अपने न्यूक्लियर संवर्धन अधिकारों से कोई समझौता नहीं करेगा। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को बताया कि न्यूक्लियर एनर्जी पर उसका अधिकार अंतरराष्ट्रीय कानून और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर आधारित है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बाघेई ने पश्चिमी मीडिया में ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को लेकर फैल रही अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ईरान के वैध अधिकार पर कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण परमाणु संवर्धन का अधिकार किसी बाहरी शक्ति की कृपा या रियायत नहीं है, जिसे दबाव या संघर्ष के समय वापस लिया जा सके। जब तक ईरान एनपीटी का सदस्य है, उसे इस संधि के सभी प्रावधानों का पूरा लाभ मिलना चाहिए। पाकिस्तान में हाल ही में हुई ईरान-अमेरिका वार्ता को लेकर संवर्धन से जुड़ी चचाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए बाघेई ने कहा कि किसी भी संभावित



समझौते के लिए पहले एक व्यापक ढांचा तय होना जरूरी है। जब तक बुनियादी शर्तें तय नहीं होतीं, तब तक युद्ध और शांति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विस्तृत बातचीत जल्दबाजी होगी। लेबनान प्रतिरोध को लेकर उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा 'वैध प्रतिरोध' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि लेबनान में युद्ध समाप्त करना भी उस सीजफायर समझौते का हिस्सा था, जिस पर इस्लामाबाद वार्ता में चर्चा हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष (इजरायल) शुरू से ही सीजफायर की शर्तों का पालन नहीं कर रहा है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *